LALITPUR POLICE

प्रेस नोट

दिनांक- 03.02.2025

थाना साइबर क्राइम ललितपुर पुलिस द्वारा सीधे-साधे लोगों को रूपयों का प्रलोभन देकर, उनसे खातां खुलवाकर, खाते की किट प्राप्त करना व उनके खातों को आंनलाइन धोखाधड़ी में प्रयोग करने वाले 01 नफर वाछिंत अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद ललितपुर श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट श्री अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना ललितपुर पुलिस द्वारा थाने स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 24/2024 धारा 318(4)BNS व 66D IT Act के वांछित अभियुक्त नीरज मण्डल पुत्र विनोद मण्डल निवासी वार्ड नं0-01 उत्रर पाली दुर्गा मन्दिर के पास किशनगंज बिहार उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

घटना का संक्षिप्त विवरण – वादी मुकदमा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी मेरे खाते से साइबर धोखा धडी कर 155399/- रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी।

सूचना के आधार पर तत्काल साइबर क्राइम थाना ललितपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस, सीसीटीवी व अन्य तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर विश्लेषण किया गया तथा अभियुक्त द्वारा साइबर अपराध में प्रयोग किये गये बैंक खातों के स्टेटमेंट का अवलोकन कर मनीट्रेलिंग को फोलो किया गया । सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस(मैनुअली/टैक्नीकली) व अन्य एकत्रित तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आये अभियुक्त नीरज मण्डल उपरोक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछतांछ का विवरण – अभियुक्त उपरोक्त से पूछताछ करने पर बताया गया कि साहब हम लोगो का एक गिरोह है जिसमें हम लोग सीधे-साधे लोगो को गुमराह कर लोन दिलवाने तथा अन्य प्रकार के प्रलोभन देकर उनका खाता खुलवा देते हैं और उनके नाम की नई सिम कार्ड निकलवा लेते है, जो खातो में रजिस्टर कराते थे **और उनके खातो में धोखाधड़ी करके उसमें अपना कम्यूनिकेशन पता डाल देते हैं जिससे उसमे आने जाने वाले रूपये की जानकारी हम लोगो को हो जाती है और खाता धारक को कुछ भी पता नही चलता है। फिर इन्ही खातो को हम लोग साइबर अपराधियों को बेच देते हैं तथा आनलाइन धाोखाधड़ी में प्रयोग करते हैं, जिसके**

बदले में हमे उचित दाम मिलता है जिसे हम अपने ऐश और आराम में खर्च करते है । साहब हमसे गलती हो गयी हमें मांफ कर दीजिये ।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम –</u>

01. नीरज मण्डल पुत्र विनोद मण्डल निवासी वार्ड नं0-01 उत्रर पाली दुर्गा मन्दिर के पास किशनगंज बिहार उम्र करीब 20 वर्ष ।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1. **02 अदद मोबाइल ,**
2. **अलग से 03 अदद सिम कार्ड**

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम –</u>

1- प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल श्री प्रभुनाथ

2.उ0नि0 राहुल सिंह , साइबर क्राइम थाना ललितपुर ।

3- उ0नि0 गौतम पूनिया साइबर क्राइम थाना ललितपुर ।

4- हे0का0 मनमोहन सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद ललितपुर

5-का0 कुँवर देवेन्द्र सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद ललितपुर